## संक्षिप्त

### निवाई में कांग्रेस का सत्याग्रह आंदोलन आज

**निवाई।** शहर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा ने बताया कि देश के युवाओं की आवाज केन्द्र सरकार तक पहुंचाने तथा अग्निपथ योजना को वापस लेने के उद्देश्य को लेकर सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक गांधी पार्क में सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के विरोध में विधायक प्रशांत बैरवा के नेतृत्व में महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष गांधी पार्क में शांतिपूर्ण सत्याग्रह करेगें। सत्याग्रह में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता, पार्षद, सीआर, डी आर, पंच-सरपंच सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### बस्सी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सत्याग्रह आज

**बस्सी,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र बस्सी के उपखंड कार्यालय परिसर में सोमवार सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर सत्याग्रह किया जाएगा। पूर्व जिला परिषद सदस्य बेनीप्रसाद कटारिया एवं नवीन सिंह राठौड़ कानोता ने बताया कि केंद्र की तानाशाह सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं ई.डी. व सीबीआई का दुरुपयोग करने तथा भारतीय सेना को कमजोर करने वाली एवं भारतीय सेना में जाने के इच्छुक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड करने वाली अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का सत्याग्रह का आयोजन किया जाएगा।

### प्रवीण सैनी को महामंत्री बनाया

**उनियारा,** (निसं)। उनियारा उपखंड ककोड़ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ककोड़ मण्डल द्वारा युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री की जिम्मेदारी प्रवीण सैनी अजमेरा को दी गई। जिस पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, पूर्व विधायक देवली उनियारा, राजेंद्र गुर्जर, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मण्डल अध्यक्ष महावीर गुर्जर, मण्डल महामंत्री रामकिशोर युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशाराम नागर, मण्डल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रवीण अजमेरा को नियुक्त करने पर बधाई शुभकामना दी।

### 'अग्निपथ' का समर्थन किया

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। राठ क्षेत्र के सोशल मीडिया पर बहरोड़ के गंडाला गांव की महिला सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा समर्थित इंदु यादव ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का समर्थन करते हुए क्षेत्रीय नेताओं पर तो तंज कसा साथ ही योजना के खिलाफ षड्यंत्र करने वालों के खिलाफ आवाज उठाते हुए बड़ा बयान दिया। यादव ने कहा कि भाजपा की कार्यकर्ता होने के नाते उसकी निष्ठा, आदर्श और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और वह उनकी इस दूरदर्शी , देश हितेशी योजना 'अग्निपथ' का समर्थन करती हैं।

### चिकित्सा मंत्री के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन आज

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा उपखंड मुख्यालय पर अग्निवीर सेना भर्ती योजना के विरोध में लालसोट पंचायत समिति परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। प्रवक्ता एडवोकेट सुदीप मिश्र ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांदसेन व लालसोट के नेतृत्व में आज सोमवार 27 जून को केंद्र सरकार द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती के विरोध में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल जी मीणा के नेतृत्व में धरना दिया जाएगा।

### हनुमान मंदिर परिसर में पौधारोपण किया

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहडा के हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान 21 फलदार व छायादार पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये गये। पौधारोपण में सुरेश चंद, रमेश चंद, सुरजन मीणा, कैलाश गुरुजी, रमाकांत मीणा, संजय संतोष, जितेंद्र मीणा, बलवीर, रामभगत शर्मा, अजय बडगूजर, हंसराज मीणा, मोहित, सुमंत, लीलाराम, लालाराम मीणा सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

# दिनदहाड़े मकान के ताले तोड़ आभूषण व नगदी की पार

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा शहर से सटी बृजलाल नगर ग्राम पंचायत की जैन मंदिर के पास आवासीय कॉलोनी में बिना नम्बर की बाइक से दो युवकों ने रैकी कर दिनदहाड़े सूने मकान के ताले तोड़ महज 10 मिनट में 5 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चुरा ले गये।

- बिना नम्बर की बाइक से रैकी कर वारदात को दिया अंजाम
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

मामले के अनुसार पीड़ित मकान मालिक अभिषेक जैन टोरडी वाले ने बताया कि शनिवार की शाम वो अपने परिवारजनों के साथ जयसिंहपुरा बालाजी के दर्शनों के लिए गये हुए थे। दर्शन कर रात साढे नौ बजे घर लौटे थे। मकान के ताले टूटे तथा कमरे में बिखरा सामान देख होश उड़ गये। तत्काल मकान के चारों और लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाधिकारी कैलाश विश्नोई व पुलिस टीम ने वारदात स्थल की फोटोग्राफी कर सीसीटीवी फुटेज देखे तो दो युवक बिना नम्बर की बाईक पर मकान के बाहर लगभग आधा घंटे से बार-बार गली में चक्कर लगा रैकी कर रहे थे। दोनों बाईक सवार युवक मकान के गेट के सामने बाइक रोक एक युवक पीछे से दीवार फांद मकान में घुस गया तथा मैन गेट के ताले तोड़ अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, सोने की चैन, कानों की झूमर, कनोतियां, टॉप्स की चार जोडी, 6 अंगुठी, 2 लोंग, सोने की बाली तथा चादी के कड़े 2 जोडी, 1 जोडी बच्चे के चांदी के कड़े, पायजेब की 3 जोड़ी, बिछिया की 4 जोड़ी, चांदी की अंगुठी सहित अलमारी में रखे 48 हजार रूपये नगद चुरा ले जाना सामने आया।

## भाजपा नगर परिषद के पार्षदों की बैठक

**टोंक,** (निसं)। नगर परिषद के पार्षदों की बैठक सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा की अध्यक्षता में सांसद कार्यालय पर आयोजित हुई।

बैठक में नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार, पट्टे बनाने में धांधली, काफी समय से बोर्ड की मीटिंग नहीं हुई, जिससे विकास कार्य रुका होना, जहां थोडा सा विकास कार्य हो रहा है वहां पर भेदभाव करना, शहर में अवैध पशु मंडी संचालित, शहर में रोशनी व लाइटों का अभाव, शहर में सफाई की सही व्यवस्था नहीं होना, सरकारी पैसे का दुरुपयोग सहित अन्य मुद्दों पर बातचीत हुई। बैठक में तय हुआ कि आगामी दिनों में भारतीय जनता पार्टी सभी मुद्दों को लेकर आंदोलन करेगी। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद जैन, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, पार्षद रामचरण साहू, मुकेश कश्यप, बादल साहू, मनीष सिसोदिया, सोहन मीणा, सौरभ सोनी, कालू बागडी, अजय सैनी, रसीद नददाफी, मुकेश सैनी आदि पार्षद मौजूद रहे।

## माली-सैनी समाज के अधिवेशन में सामाजिक बिंदुओं पर मंथन किया

**लालसोट,** (निसं)। दौसा जिला माली सैनी समाज कार्यकारिणी का प्रथम अधिवेशन रविवार को रुकमणी पैलेस लालसोट में आयोजित हुआ।

माली सैनी समाज के बड़े पैमाने पर आयोजित हुए इस अधिवेशन के माध्यम से माली सैनी समाज के प्रमुख लोगों द्वारा समाज बंधुओं की मौजूदगी में अधिवेशन के दौरान सामाजिक बिंदुओं पर मंथन किया। पहली बार आयोजित अधिवेशन में दौसा जिले के प्रत्येक सातों ब्लॉक से जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य, तहसील अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी, सैनी समाज के चल रहे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, आसपास के क्षेत्रों जयपुर, सवाई माधोपुर, अलवर, टोंक, करौली, सीकर, एवं विभिन्न जिलों के माली सैनी समाज के जिला अध्यक्ष आदि समाज के लोगों द्वारा बढ चढकर भाग लिया।

इसमें विशेष तौर पर शिक्षा के लिए चेतना, सामाजिक शैक्षिक आर्थिक क्षेत्र में समाज के उत्थान की में विचार विमर्श, सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन, समाज में विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा कर समाज उत्थान को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हीरालाल सैनी जिला प्रमुख दौसा, अध्यक्षता गिर्राज प्रसाद सैनी कछला एवं अति विशिष्ट अतिथियों में आलोक सैनी विशेष अधिकारी श्रम विभाग शासन सचिवालय जयपुर, दिलीप कुमार सैनी आरपीएस सतर्कता, ओमकार मल सैनी रजिस्ट्रार आरयूएचएस अशोक कुमार सैनी बांदीकुई अलका सैन कैलाश सैनी आदि प्रशासनिक अधिकारी सहित भवानी शंकर माली सदस्य राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण, छुट्टन लाल सैनी प्रदेश अध्यक्ष माली महासभा राजस्थान, अनुभव चंदेल, महेश सैनी आईएएस, सुरेश सैनी एनएचएआई आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर में पूजा-अर्चना के विवाद को लेकर सोते पुजारी पर हमला

**नारायणपुर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में स्थित शीतल नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर नाथ समुदाय के दो पक्षों में चल रहे विवाद में रविवार को सुबह दूसरे पक्ष ने मंदिर में सोते हुए पुजारी पर हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुण्डावरा के शीतल नाथ मंदिर जिसमें पूजा-अर्चना को लेकर कई वर्षों से कोर्ट में मामला विचाराधीन है। एक पक्ष मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रहा था। वहीं दूसरा पक्ष ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है। इसको लेकर रविवार सुबह 5 बजे सोते हुए पुजारी पर दूसरे पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे पुजारी सुरज्ञानी (40) पुत्र हनुमान नाथ योगी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पुजारी ने बताया कि करीब आधा दर्जन लोगों ने सुबह 5 बजे धारदार हथियारों से हमला कर दिया। सूचना पर आसपास के लोग घायल पुजारी को नारायणपुर अस्पताल लेकर आये, जहां चिकित्सकों ने पुजारी की गंभीर हालत होने पर अलवर रैफर कर दिया है। इस मामले में पीड़ित के पिता हनुमान नाथ योगी ने नामजद 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नारायणपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गांव मानावास निवासी जयराम पुत्र सोन्या राम जाति गुर्जर, बोदुराम पुत्र गणपत जाति जोगी, धनेश पुत्र हनुमान नाथ जाति जोगी आदि को गिरफ्तार किया है।



नारायणपुर में मंदिर विवाद में पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की ।

## किसान महा पंचायत 3 को

**निवाई,** (निसं)। गांव वजीराबाद में 3 जुलाई को किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। युवा किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि महा पंचायत द्वारा 1 जून से किसानों की मांगों को लेकर आन्दोलन शुरू हो चुका है।

निवाई तहसील के किसानों के साथ किसान महापंचायत 3 जुलाई को गांव वजीराबाद में 11 बजे शुरू होगी। उन्होंने बताया कि किसानों की मांगों में ईसरदा बांध से टोंक, निवाई, पीपलू तहसील के गांवों के खेतों को सिंचाई की सुविधा, बीसलपुर बांध से टोरडी सागर, घारेडा, चांदसेन आदि बांधों में पानी डालने, गौ संरक्षण व खेतों में फसल की सुरक्षा के लिए गौ अभ्यारण्य बनाने, बीसलपुर से सिंचित जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने, सेवारामपुरा के किसानों की अवाप्त की गई जमीन को अवाप्त मुक्त कर वापस किसानों को देने की मांगें शामिल है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार नेशनल हाईवे का असिंचित का मुआवजा दिया गया जबकि जमीन बीसलपुर सिंचाई परियोजना से सिंचित थी,उसका मुआवजा दुबारा दिया जाये।

# विधायक के प्रयासों से विराटनगर को मिले सबसे अधिक चिकित्सक

**पावटा,** (निसं)। विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके इसके लिए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सबसे अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों को लगाया गया है।

उनकी मांग पर प्रशासनिक अति आवश्यकता को देखते हुए संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य(ग्रुप-2) विभाग एवं पंचायती राज (चिकित्सा) विभाग निमिषा गुप्ता, शासन सहायक सचिव दीपक सोनी ने चिकित्सकों के स्थानांतरण आदेश जारी किय।

जिनमें डॉ. प्रमोद कुमार गुर्जर चिकित्सा अधिकारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनौता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुरा धाबाई, विराटनगर डॉ. रूप सिंह रावत चिकित्सा अधिकारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीलवाडी विराटनगर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनौता, डॉ. श्रीराम गुर्जर चिकित्सा अधिकारी को सीएससी विराटनगर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुहाकाना खुर्द विराटनगर, डॉ. संतोष कुमार स्वामी चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल अलवर से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉक्टर अनुराधा भारद्वाज चिकित्सा अधिकारी को पीजी उपरांत पदस्थापन जिला अस्पताल धौलपुर में स्थानांतरणधीन सीएससी पावटा विराटनगर, डॉ. सत्यनारायण स्वामी चिकित्सा अधिकारी को जिला चिकित्सालय किशनगढ अजमेर से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. गोकुलचंद जाट चिकित्सा अधिकारी शिशु रोग को सीएससी बानसूर अलवर से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. सचिन कुमार शर्मा चिकित्सा अधिकारी पीएससी प्रागपुरा विराटनगर से सीएससी मेड विराट नगर, डॉ. धर्मपाल चिकित्सा अधिकारी सीएससी बेडा पाली से सीएससी मेड विराटनगर, डॉ संजय मल्होत्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमारी सरेठा उदयपुर से सीएससी विराटनगर, डॉ. दयाराम जाट चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेड से सीएससी विराटनगर, डॉ. राजेश कुमार एमडी (निश्चेतन) जिला चिकित्सालय शाहपुरा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा, डॉ. सुधीर सिंह चिकित्सा अधिकारी (गायनिक) सीएससी गोविंदगढ अलवर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आतेला, डॉ. राजवीर सिंह चिकित्सा अधिकारी (मेडिसिन) सीएससी विजयनगर अजमेर से सीएससी पावटा, डॉ.कृष्ण सिंह शेखावत चिकित्सा अधिकारी सीएससी पावटा से पीएससी बिलवाडी विराटनगर, डॉ. विकास शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पीजी उपरांत पदस्थापन जिला अस्पताल प्रतापगढ से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा कनिष्ठ विशेषज्ञ (निश्चेतन) सीएससी उनियारा टोंक से सीएससी मेड विराटनगर, डॉ. मुकेश कुमार शर्मा चिकित्सा अधिकारी निदेशालय अधिशेष से पीएससी तेवडी विराटनगर, डॉ. मधु अरोडा चिकित्सा अधिकारी सीएससी पावटा विराटनगर, डॉ आशीष पन्नू चिकित्सा अधिकारी सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. ईवा शर्मा चिकित्सा अधिकारी सीएससी मेड विराटनगर लगाया है।

## बालिका आवासीय विद्यालय का दौरा किया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खेरिया, प्रधान बद्री प्रसाद सुमन के साथ मेवात के गांव बाघोडा में मेवात बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और स्टाफ ग्रामीणों व बच्चों से आवासीय विद्यालय के बारे में जानकारी ली और ग्रामीणों व बच्चों की मांग पर विद्यालय को कक्षा 12 तक शिक्षिकाओं के रिक्त पद भरे जाने आदि व्यवस्थाओं में सुधार कराने का भरोसा दिया। विधायक दीपचंद खैरिया के मीडिया प्रभारी सुनील कांत गोल्डी ने बताया कि रविवार को मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने मेवात के गांव बाघोडा में संचालित मेवात आवासीय बालिका विद्यालय व बंबोरा घाटा स्थित सदभावना भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक दीपचंद खैरिया प्रधान बद्री प्रसाद सुमन जिला पार्षद सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। निरीक्षण के लिए पहुंचे जनप्रतिनिधियों का सरपंच व ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया गया।

# 38 अनाथ वधुओं सहित 51 वर-वधू का नि:शुल्क निकाह सम्पन्न

**टोंक,** (निसं)। ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से सेयद फारुक अली अकेडमी में 51 जोड़ों का पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को हुआ।

ईसा फाउंडेशन इंडिया के चेयर हबीब अहमद ने बताया कि टोंक में यह हमारा पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन है जिसमें हमने 51 जोड़ों का निकाह करवाया है, जिसमें 38 अनाथ वधुओं ओर दोनों पैर से विकालांग जोड़े का भी निकाह करवाया गया। विदाई के समय वर-वधू को घर-गरहसती के सभी समान उपहार में दिए गए हैं साथ ही वर-वधू को आशीर्वाद के रूप में टोंक के बडे आलिम हजरत मोलना मुहम्मद सईद साहब, हजरत मोलना मुहम्मद आमिर नदवी खान साहब,अतीकुर रहमान कुरेशी सेकेटरी जमीयत ओलमा गुजरात, मुहम्मद आरिफ उस्ताद जामिया फेजनुल कुरआन गुजरात, सेयद इमादुद्दीन अहमद ने अपनी दुआओं से नवाजा मंच का संचालन समाज सेवी खुर्शीद अनवर ओर शहजाद कायमखनी ने किया कार्यक्रम मुफ्ती आदिल के जेरे निगरानी में हुआ।

इस अवसर पर हबीब अहमद ने एलान किया कि जनवरी माह में 500 जोड़ों का निकाह निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में करवाया जाएगा। साथ ही टोंक मे जमीन उपलब्ध करवाने पर ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से एक विशाल अस्पताल भी बनवाया जाएगा और विधवाओं के लिए रोजगार की स्थाई व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम मं पार्षद अकील अहमद, पार्षद अख्तर , पूर्व पार्षद शकील भाई मुजाहिद भाई,अकरम, काजी इज्जत अली, हनीफ सहारा, मुहम्मद इब्राहीम,एडवोकेट रईस अहमद, जाकिर सना, सहित गणमान्य लोगों ने भाग लिया।



ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से सेयद फारुक अली अकेडमी में 51 जोडों का पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम।

- ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ

## जवान हुंकार महारैली में कसाना के नेतृत्व में जायेंगे युवा

**कोटपूतली,** (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा सेना में लाई जा रही संविदा भर्ती योजना (टीओडी) के विरोध में सोमवार 27 जून को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा जोधपुर संभाग मुख्यालय में जवान हुंकार महारैली का आयोजन किया जायेगा। महारैली में कोटपूतली से पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में युवा भाग लेंगे। इस दौरान कसाना ने कहा कि युवा महारैली में शामिल होकर दिल्ली में बैठे सत्ताधारियों तक आवाज पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि देश का जवान अब सडकों पर उतर चुका है जो अपना हक लेकर रहेगा। जिस प्रकार केंद्र सरकार ने पहले किसानों और अब जवानों को ठगने का काम किया है यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आरएलपी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देशराज पायला ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में महारैली में शामिल होने की अपील की है।

## सार-समाचार

### महिला सुरक्षा सखी की बैठक



**पावटा,** (निसं)। स्थानीय पुलिस थाने में रविवार को थानाधिकारी किरण सिंह की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा सखी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थानाधिकारी ने राजकोट सिटीजन के बारे में जानकारी देते हुए असामाजिक तत्वों की सूचना तुरन्त पुलिस को देने व अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस का सहयोग किये जाने की बात कही। वहीं गांव के छोटे-मोटे एवं घरेलू विवाद व बिजली-पानी की समस्या का समाधान स्थानीय सरपंच व सीएलजी के सदस्यों एवं महिला सुरक्षा सखी के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही प्रत्येक घर से एक एक व्यक्ति को समय-समय पर गांव में गश्त करने की भी बात कही। ताकि अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। बालिकायें व महिलायें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस के द्वारा महिला उत्पीडऩ व अत्याचार की रोकथाम के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। थानाधिकारी ने महिला सुरक्षा सखियों की हौंसला अफजाई करते हुए महिला सुरक्षा सखियों के कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर सुमन तुलसीपुरा, रेखा शर्मा टोरडा, तारा देवी भांकरी, इंद्रावती भांकरी, रेखा बड़नगर, मंजू शर्मा प्रागपुरा, सर्मिष्ठा करौली, माया देवी राजनौता, संतरा देवी प्रागपुरा, गीता जांगिड ठिकरिया, सुमन प्रागपुरा, सरोज यादव, ममता शर्मा मांजूकोट सहित थाना महिला पुलिसकर्मी व महिलाएं मौजूद रही।

### परिचय सम्मेलन आज

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के सैनी सभा भवन नं. 1 में सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष रामकुमार सैनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर कार्यकारिणी विस्तार व सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु विवाह स्थल को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर महेश कुमार सैनी, ख्यालीराम सैनी, पवन कुमार सैनी को उपाध्यक्ष व प्रचार मंत्री बिद्रूराम सैनी, बिल्लूराम सैनी, राहुल सैनी, व्यवस्थापक रणजीत सैनी, श्यामलाल, कोषाध्यक्ष प्रहलाद सैनी, मोहन लाल सैनी को नियुक्त किया गया। साथ ही नारायणा मैरिज गार्डन डाबला रोड़ पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। विवाह सम्मेलन को लेकर सोमवार को परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान संरक्षक बिड़दीचंद सैनी, श्रीराम सैनी, रमेश भगतजी, सुभाष सैनी, ललित सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, रामावतार सैनी, सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी, उपाध्यक्ष रोहितास सैनी, सचिव एड. योगेश सैनी, कोषाध्यक्ष रामसिंह सैनी, एड. पवन कुमार सैनी, कृष्ण कारोडिया, ओमप्रकाश सैनी, प्रकाश तोंदवाल, कैलाश ठेकेदार, मथुरा प्रसाद सैनी, सत्यनारायण सैनी, प्रदीप सैनी, रामौतार सैनी, सुनील सैनी, संजय बागड़ी, विजय बीजवाडिया समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्रदेश महामंत्री का सम्मान किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राष्ट्रीय कवि संगम के राजस्थान प्रदेश महामंत्री मनोनीत होने पर अजीतगढ निवासी विवेकानंद शर्मा का श्रीमाधोपुर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने प्रहलाद राय अग्रवाल आदर्श विद्या मंदिर में सम्मान किया। राष्ट्रीय विचारों से ओतप्रोत काव्य रचना व काव्य गोष्ठी सम्मेलनों के आयोजन को गति देने के लिए विवेकानंद शर्मा को राष्ट्रीय कवि संगम में प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। स्वागत कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष सीताराम सैनी, ओएनजीसी के निदेशक डॉक्टर माधव सिंह, लायंस क्लब सदस्य एडवोकेट रामकिशन सैनी, रोटरी क्लब अध्यक्ष शांतिलाल सोनी, काव्य मंच से पुरुषोत्तम शर्मा, विद्या भारती समिति से महेश सोनी, सेवा भारती से प्रहलाद सोमानी, बजरंग दल, किसान संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

### रैगर समाज का चिंतन शिविर

**चाकसू,** (निसं)। अखिल भारतीय रैगर महासभा तहसील अध्यक्ष लल्लू लाल सोनेवाल ने बताया कि महासभा का जयपुर शहर अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र कुलदीप एवं ग्रामीण अध्यक्ष एडवोकेट गुलाबचंद नारोलिया की अध्यक्षता में दो दिवसीय चिंतन एवं मंथन शिविर का आयोजन किया। चिंतन शिविर के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एसके मोहरपुरिया एवं प्रदेश अध्यक्ष जेपी मोहलिया रहे। 2 दिन से शिविर में क्षेत्र के समस्त तहसील अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लेकर प्रबुद्ध जनों ने समाज में फैली कुरीतियों एवं परी-पाटियों पर गहन विचार मंथन कर अनिवार्य शिक्षा पर बल देते हुए सवामणी, जन्म दिवस एवं सेवानिवृत्ति पर पहरावणी बंद, शादी समारोह में बच्चे बच्चियों एवं माता-पिता के अलावा अन्य परिजनों के कपड़े नहीं लेने का निर्णय लिया गया, मुकलावा प्रथा मृत्यु भोज बंद नशा मुक्ति सहित समाज सुधार के कई निर्णय लिए गए।

### 'अग्निपथ' के विरोध में सत्याग्रह आज

**टोंक,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के आव्हान पर युवाओं के भविष्य के साथ मोदी सरकार के खिलवाड़ से न्याय दिलाने के लिए अग्निपथ योजना को वापस लिये जाने की मांग को लेकर केन्द्र सरकार के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा टोंक विधानसभा में 27 जून को डाक बंगला में दोपहर 1 बजे से सांय 4 बजे तक सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व उप-मुख्यमंत्री व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष टोंक विधायक सचिन पायलट, जिला प्रभारी प्रदेश सचिव महेन्द्र खेडी, विधानसभा कॉर्डिनेटर राजेश चौधरी, सभापति अली अहमद, निर्वतमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता, प्रधान सुनिता हंसराज फागणा, ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह मुकुल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष अजीज कुरैशी आदि शिरकत करेंगे।

### तहसील कार्यकारिणी घोषित

**मालपुरा,** (निसं)। विप्र फाउण्डेशन के राष्ट्रीय प्रभारी विमलेश शर्मा जॉन प्रथम के अध्यक्ष राजेश कर्नल व जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा की अनुषंशा पर विप्र फाउण्डेशन मालपुरा तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल पीपलवा ने रविवार को तहसील की जम्बॉ कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए योगेश शर्मा गोवला को महामंत्री, राजेश पंचोली को कोषाध्यक्ष, महिला मंडल में शिक्षिका अरूण पाराशर व सात महिलाओं को शामिल करते हुए प्रवक्ता मणिशंकर रूथला सहित 70 सदस्यों व पदाधिकारियों की कार्यकारिणी घोषित की। प्रवक्ता ने बताया कि जल्द संगठन की तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। कार्यकारिणी में संगठन के मिली जिम्मेदारियों पर पदाधिकारियो को विप्र जनों व सामाजिक संगठनों ने बधाई दी।

### दांतिल में योग शक्ति कार्यक्रम शुरू

**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से समर्थ सशक्त अभियान के तहत विश्व योग दिवस से प्रारम्भ योग शक्ति कार्यक्रम का द्वितीय शिविर रविवार को ग्राम दांतिल के पालवाले हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें योगाचार्य राजेश लखेरा ने ग्रामीणों को योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। संयोजक मुकेश गोयल ने बताया कि ग्राम दांतिल में यह योग शिविर 26 से 30 जून तक चलेगा। इस दौरान रवि प्रकाश शर्मा, प्रहलाद सैनी, किशन लाल मीणा, सुरेश वैद्यजी, महेश कुमावत, अभय प्रताप, नत्थुसिंह, ताराचन्द, नवल सिंह, भरतसिंह, सुरेश सोनी, मंगल कुमावत, जितेन्द्र गुप्ता, रवि जांगिड़, मक्खलाल शर्मा, रतनलाल सैनी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 14 लाख स्वीकृत

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर के विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत की अभिशंषा पर जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर की पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत टटेरा के अनुसूचित जाति मोहल्ले में सामुदायिक भवन निर्माण व पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत झाडली के वार्ड नंबर 16 में स्थित भूरा की ढाणी में भी सामुदायिक भवन निर्माण हेतु सात-सात लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृत जारी होने पर इन ग्रामों के लोगों ने विधायक शेखावत का आभार व्यक्त किया है।